उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in
(वर्ष-9 अंक-17)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 27 मई, 2024

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024
आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान अवश्य करें

करौली शंकर महादेव धाम में पूर्णिमा महोत्सव पर देश-विदेश से आए भक्तों ने प्राप्त की गुरु दीक्षा 8
प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी जोड़ों ने लगाई फांसी 4

# हिमांचल प्रदेश को 9,000 करोड़ रुपये नहीं दे सके मोदी: राहुल गांधी



शिमला। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 साल में 22 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये कर्ज माफ कर दिया, लेकिन वह पिछले साल मॉनसून में बारिश के कारण आई आपदा से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश को 9,000 करोड़ रुपये नहीं दे सके। गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की मदद करने के बजाय मोदी ने राज्य की चुनी हुई सरकार को ''चुराने'' का प्रयास किया। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में बाढ़ से निपटने के लिए केंद्र द्वारा मुहैया कराई गई सहायता का कांग्रेस सरकार द्वारा अनुचित वितरण किए जाने का आरोप लगाया था और इसके खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया था।

शिमला (सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के समर्थन में हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के नाहन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मोदी ने सेब की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सभी भंडारण सुविधाओं को एक व्यक्ति को सौंप दिया। उन्होंने दावा किया कि जब भी नरेन्द्र मोदी शपथ लेते हैं, अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनियों के शेयर की कीमतें बढ़ जाती हैं। गांधी ने केंद्र में उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर कृषि ऋण माफ किए जाने और फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का वादा किया। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को जब तक गरीबी रेखा से ऊपर नहीं लाया जाता, उन्हें हर साल एक लाख रुपये दिए जाएंगे।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष गांधी ने देश में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकारी विभागों में 30 लाख रिक्तियां भरने का भी वादा किया। उन्होंने रैली में कहा कि भाजपा नेता संविधान पर हमला कर रहे हैं और वे इसे खत्म कर देंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे भारत के संविधान पर हमला करने के भाजपा नेताओं के प्रयासों को विफल करने के लिए राज्य में सभी चार लोकसभा सीट पर पार्टी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि मीडिया ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। गांधी ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो स्नातक की पढ़ाई पूरी करने वाले युवाओं को पहली नौकरी पक्का अधिकार कार्यक्रम के तहत एक साल की सुनिश्चित नौकरी दी जाएगी।

## सात नवजात शिशुओं की मौत मामले में पुलिस ने अस्पताल के फरार मालिक को किया गिरफ्तार



नयी दिल्ली। पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के बच्चों के एक अस्पताल के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है, जहां आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हुई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात आग लगने के बाद से डॉक्टर नवीन किची फरार थे। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने कहा कि पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार इलाके में बेबी केयर न्यू बोर्न हॉस्पिटल में शनिवार रात करीब 11ः30 बजे आग लग गई, जिसने आसपास की दो इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि 12 नवजात शिशुओं को अस्पताल से निकाला गया, लेकिन उनमें से सात की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि पांच बच्चों का दूसरे अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।दिल्ली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विवेक विहार थाने में भारतीय दंड संहिता( आईपीसी) की धारा 336 (दूसरों की जान खतरे में डालने वाला कार्य) और 304ए (लापरवाही से मौत का कारण बनना) के तहत मामला दर्ज किया है।

## हार देखकर पीएम की जुबान भाषणों में लड़खड़ा रही है: अखिलेश

बलिया/लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह एहसास हो गया है कि भाजपा केंद्र में सत्ता बरकरार नहीं रख पाएगी जिस वजह से उन्होंने आत्मविश्वास खो दिया है और भाषणों में उनकी ज़बान लड़खड़ा रही है। यहां बेल्थरा रोड में सलेमपुर संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार रमाशंकर विद्यार्थी के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यादव ने सेना में भर्ती की अग्निवीर योजना को खत्म करने का वादा किया।

उन्होंने कहा, चार जून एक ऐतिहासिक दिन होगा। जलवायु परिवर्तन के साथ, राजनीतिक परिवर्तन भी होगा। मंत्रिमंडल और मीडिया मंडल दोनों बदल जाएंगे। यादव ने 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि भाजपा की हालत देखकर प्रधानमंत्री मोदी की ज़बान लड़खड़ा रही है। यादव ने कहा, जब आत्मविश्वास खो जाता है तो ज़बान लड़खड़ा जाती है। उन्हें एहसास हो गया है कि उनकी सरकार जा रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू हुई जीत की लहर सातवें चरण में पहुंच गई है। 400 पार का नारा देने वालों की हार होने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति लोगों का गुस्सा चरम पर है। यादव ने कहा कि वह (भाजपा) गुस्से का सामना नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, देश की 140 करोड़ जनता भाजपा को 140 सीट के लिए भी तरसाएगी।

## ध्रुव राठी और आप की वजह से

# स्वाति मालीवाल को मिल रही बलात्कार और जान से मारने की धमकी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने रविवार को दावा किया कि उन्हें सोशल मीडिया पर बलात्कार और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। मालीवाल के दावे के अनुसार, ये धमकियां उन्हें ध्रुव राठी के एकतरफा वीडियो और आप नेताओं और स्वयंसेवकों द्वारा चलाए गए चरित्र हनन अभियान के बाद से मिलनी शुरू हुई हैं। सांसद ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी है।मालीवाल ने अपनी पोस्ट में अपमानजनक संदेशों और बलात्कार की धमकियों के कई स्क्रीनशॉट साझा करते हुए लिखा, मेरी पार्टी यानी आप के नेताओं और स्वयंसेवकों द्वारा मेरे खिलाफ चरित्र हनन, पीड़िता को शर्मसार करने और भावनाएं भड़काने का अभियान चलाने के बाद से मुझे बलात्कार और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने आग लिखा, यह तब और बढ़ गया जब यूट्यूबर ध्रुव राठी ने मेरे खिलाफ एकतरफा वीडियो पोस्ट किया।स्वाति ने लिखा, जहां तक पार्टी नेतृत्व की बात है तो यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वे मुझे अपनी शिकायत वापस लेने के लिए डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। मालीवाल ने यूट्यूबर पर



निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने यूट्यूबर से संपर्क करने और कहानी का अपना पक्ष साझा करने का प्रयास किया, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया। स्वाति ने लिखा, हालाँकि, ध्रुव के लिए, मैंने अपना पक्ष बताने के लिए उस तक पहुँचने की पूरी कोशिश की लेकिन उसने मेरी कॉल और संदेशों को नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने लिखा, यह शर्मनाक है कि उनके जैसे लोग, जो स्वतंत्र पत्रकार होने का दावा करते हैं, अन्य आप प्रवक्ताओं की तरह काम कर सकते हैं और पीड़ित ने मुझे इस हद तक शर्मिंदा किया है कि अब मुझे अत्यधिक दुर्व्यवहार और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है।ध्रुव राठी के वीडियो पर निशाना साधते हुए स्वाति ने लिखा, तथ्य जो वह मेरे खिलाफ अपने 2.5 मिनट के वीडियो में उल्लेख करने में विफल रहे। 1. घटना घटित होने की बात स्वीकारने के बाद पार्टी ने अपने रुख से यू-टर्न ले लिया।2. एमएलसी रिपोर्ट जो हमले के कारण चोटों का खुलासा करती है। 3. वीडियो का चुनिंदा हिस्सा जारी किया गया।

विज्ञापन कार्यालय-130/ 4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

नवीन गुप्ता (विज्ञापन प्रतिनिधि)



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941

NEW SAHU FAMILY RESTAURANT
638y-1, Block Kidwai Nagar
Near -Dasu Kunwa Chauraha Noubasta Kanpur
Owner Management Suresh Sahu
M.-8303637506, 9792526852
Web .site—www.sahufamilyrestaurant.com





सभी भारतवासियों से अपील है कि हो रहे लोकसभा 2024 के चुनाव में अपने मत का प्रयोग करते हुए मतदान अवश्य करें।

पहले मतदान – फिर जलपान









बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें
www.bpsnews.in

सम्पादक (बी.पी.साहू)
मो.8423454502,9335908846

- ओवरब्रिज के पास हुआ भीषण सड़क हादसा,मचा कोहराम
- महिलाओं को तेज रफ्तार डग्गामार ओमनी ने मारी टक्कर
- 4 महिलाओं की मौके पर मौत, दो अन्य गंभीर घायल


मृतक महिलाएं -सरिता


पूनम


दिव्या


ज्योति

# हाईवे पार कर रही चार महिलाओं की मौत


इसी वैन से हुआ हादसा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हांथीगाव हाइवे फ्लाईओवर पर फतेहपुर की तरफ से कानपुर आ रही तेज रफ्तार डग्गामार इको वैन की टक्कर से 4 महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे में एक महिला व एक बच्ची गंभीर रूप से घायल है ।

टक्कर लगते ही तेज़ रफ़्तार इको वैन पलट गई जिसमें सवार सवारियां भी चुटहिल हो गयी, मौका देख कर वैन का ड्राइवर और सभी सवारियां वहां से फरार हो गई ।

ये सभी महिलाएं हांथीपुर गाँव की निवासी थी और काम पर से लौट कर वापस अपने घर को जा रही थी महिलाएं । फ्लाईओवर को पैदल ही पार कर रहीं थी उसी समय हादसा हुआ। फ्लाईओवर के पास अंधेरा होने की भी बात कही जा रही है। जैसे ही इस दर्दनाक हादसे की खबर गाँव मे पहुंची भारी संख्या में गाँव वाले हाइवे पर इकट्ठा होने शुरू हो गए । दुर्घटना की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस भी मौके ओर पहुंची और पुलिस जीप व एम्बुलेंस की मदद से घायलों को काशीराम अस्पताल भेज कर इलाज शुरू करवाया ।मौके पर एसीपी दिलीप कुमार पुलिस फ़ोर्स के साथ मौजूद रहे । फिलहाल गाड़ी के नम्बर के आधार पर ड्राइवर और गाड़ी मालिक की खोजबीन करी जा रही है । वहीं एस के सिंह (पुलिस उपायुक्त पूर्वी ) ने कहा कि मामले में कार्यवाही की जा रही है।ये हादसा बहुत दुखद है।

## सजेती में चोरो ने एक घर को बनाया निशाना, जेवर सहित लाखों का माल किया पार

### दो सगे भाईयों के साथ भतीजे की अलमारी तोडी, नकदी व जवरों पर किया हाथ साफ

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।थाना सजेती क्षेत्र के अंतर्गत बीती रविवार की देर रात चोरो द्वारा एक घर को निशाना बनाते हुए वहां चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।चोरो ने जहां लाखों के जेवरो पर हाथ साफ किया तो वहीं 80 हजार से अधिक की नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गये।सोमवार की सुबह चोरी की घटना की जानकारी होने पर पुलिस को सूचित किया गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पडताल प्रारम्भ की ।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सजेती क्षेत्र के कोहरा गांव में एक ही घर में दो सगे भाईयों के घर पर चोरो ने चोरी की घटना को अजांम दिया साथ ही भतीजे की अलमारी को भी तोडकर चोरी की गयी।बताया जाता है कि रविवार की देर रात चोरो ने अलमारी का ताला तोडकर लाखों रूपये के जेवरों पर हाथ साथ किया साथ ही लगभग 80 हजार से अधिक की नकदी भी ले गये।सोमवार की सुबह चोरी होने की जानकारी के बाद पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आस-पास पूंछताछ करते हुए अपनी जांच शुरू की।थाना प्रभारी सेजती बृजभान सिंह की माने तो घटना की जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा।



## भगवान बुद्ध के रास्ते पर चलने से होगा अधिवक्ता कल्याण

### वरिष्ठ अधिवक्ताओ का स्वागत कर मनाया बुद्ध जन्मोत्सव



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।कानपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रहे स्वर्गीय पी एन भल्ला जी के यहां पुत्र सुनील कुमार भल्ला ने भगवान बुद्ध जन्मोत्सव के अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओ पं रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन सी के सर्राफ भानु प्रताप द्विवेदी देवी अरविंद दीक्षित देवी प्रसाद त्रिपाठी एस के शुक्ला बी एल गुप्ता जितेंद्र शुक्ला संजीव कपूर अखिलेश कुमार भगवती जोशी शरद मिश्रा अनिल द्विवेदी रज्जन गुप्ता शिवम गंगवार कान्ति अवस्थी राजेश निगम इंद्रेश मिश्रा उबैदुर रहमान राकेश सिद्धार्थ आदि का पटका और माला पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि हम सबको भगवान बुद्ध के बताए रास्ते पर चलने से अधिवक्ता कल्याणकारी कार्यों को और गति मिलेगी। भगवान बुद्ध के दिखाए रास्ते पर चलने से सर्व समाज की भी दिनोदिन उन्नति होगी ।

## भाजपा ने बनाई मतगणना की रणनीति




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। गुरुवार को केशव नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी दक्षिण जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने जिला पदाधिकारियों एवं मण्डल अध्यक्षों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों के बारे में चर्चा की। जिलाध्यक्ष शिवराम ने पार्टी कार्यकर्ताओं को मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सतर्कता के बारे में जानकारी दी। जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने बताया कि मतगणना में पार्टी के तेजतर्रार कार्यकर्ताओं को लगाया गया है। मतगणना में लगे कार्यकर्ताओं को शाम 5 बजे मतगणना समाप्त होने तक अपनी टेबल को ना छोड़ने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।इसके अलावा गणना के दौरान बरतने वाली सावधानियों से भी अवगत करा दिया गया है। मतों के हिसाब-किताब की ट्रेनिंग दी जा रही है। मतगणना एजेंटों को स्पष्ट निर्देश दे दिए गए है कि मतों की गिनती पूरी होने के बाद ही एजेंट बाहर आएंगे। जिला पदाधिकारी पूरी व्यवस्था पर नजर रखेंगे। कैंप में कार्यकर्ताओं के लिए चुनाव परिणाम को लाइव देखने के लिए बड़ी स्क्रीन भी लगाई जाएगी। कैंप में आने वाले सभी कार्यकर्ताओं के लिए जलपान एवं भोजन की व्यवस्था भी रहेगी।

प्रमुख रूप से रामबहादुर, सुनील नारंग, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, संजय कटियार, शैलेंद्र त्रिपाठी,गणेश शुक्ला ,राजन चौहान, अर्जुन बेरिया, वंदना गुप्ता, शिवपूजन सविता, वीरेंद्र दिवाकर , आदि मौजूद रहे।

## विनय द्विवेदी को दी गई श्रृद्धांजलि



कानपुर। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष स्व. विनय द्विवेदी की छठम पूर्ण तिथि पर हटिया लोहा बाजार कानपुर में श्रद्धांजलि सभा की गई. सभा में लोगों ने विनय द्विवेदी के व्यापारियों एवं समाज के प्रति उनके द्वारा किए गए कार्यों को बताया गया. सभी पधारे व्यापारी नेता, विधायक, पार्षद, ने विनय द्विवेदी द्वारा किए गए कार्यों को प्रशंसा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. यहां मट्ठा, जल, बिस्किट, फल, शीतल पेय का वितरण किया गया.

सभा का संचालन कानपुर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा ने किया. आगंतुक ने विनय द्विवेदी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. सभा मे स्वर्गीय विनाय द्विवेदी के पुत्र को सच्चा उत्तराधिकारी एवं व्यापारी समाज में आयुष के कार्यों को सरहना की. प्रमुख रूप से पनकी मंदिर महंत कृष्ण दास जी, संरक्षक प्रमोद जायसवाल, विधायक अमिताभ बाजपेई, कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री अनूप तिवारी, अनुराग द्विवेदी, पंकज शर्मा, नीरज शर्मा, मोहम्मद कलीम, सुशील गुप्ता, आशीष सचान, सुरेश गुप्ता, कृपा शंकर त्रिवेदी, संजय गुप्ता, सदन तिवारी, कृपेश त्रिपाठी, भारतेंदु पुरी, संजय शुक्ला, मनोज मिश्रा, सुशील तिवारी, अभिषेक गुप्ता उर्फ मोनू, बबलू मल्होत्रा, निशांत सिंह जादौन, सुमित गुप्ता, विजय अवस्थी, आदि रहे.

## शिक्षिका ने डिग्री कॉलेज प्राचार्य पर प्रताड़ना का आरोप लगाया

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। एक डिग्री कॉलेज की शिक्षिका ने अपने प्राचार्य पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। शिक्षिका ने कहा कि प्राचार्य लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। इसकी शिकायत कॉलेज कमेटी से की। जांच शुरू हुई, लेकिन कमेटी ने प्राचार्य का पक्ष लेते हुए मामला निस्तारित कर दिया। इससे नाराज शिक्षिका ने इसकी शिकायत क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी से की। शिक्षिका ने कहा कि प्राचार्य अमर्यादित, लिंगसूचक अभद्र टिप्पणी व अपमानजनक व्यवहार कर रहे हैं। शिक्षिका ने प्राचार्य के खिलाफ जिलाधिकारी से भी शिकायत की है। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के माध्यम से शिकायत आई है। जिलास्तर पर बनी कमेटी से जांच कराई जाएगी।

## बीमारी और डर के साए में जी रही जनता

### डेढ़ महीने से खुदी सड़क, पनप रहे मच्छर; बदबू ने किया जीना दूभर

कानपुर, हमीरपुर रोड से लगा वार्ड नं 14 अब शहर से अलग कर दिया गया है, और इसे अलग कराने वाला कोई और नहीं यहां के 'पार्षदपति' सुनील कनौजिया हैं। आलम यह है कि मेनरोड को इस क्षेत्र से जोड़ने वाली सड़क पूरी की पूरी खुदी हुई है। खोदाई के दौरान सीवर का चैंबर टूट जाने से सड़क नाले के पानी से बजबजा रहा है, जिसमें मच्छर पनप रहे हैं। आसपास के लोग डेढ़ महीने से इस आपदा को झेलने पर मजबूर हैं, पर कहीं कोई सुनवाई नहीं है। लोगों के अनुसार गंदगी के कारण अब क्षेत्र में बीमारियां भी फैलने लगीं हैं। क्षेत्र के अंदर घुसने पर यहां बने दो पार्क भी बदहाली की यही दास्तां बता रहे हैं। साफ-सफाई और सुविधा के नाम पर पूरे क्षेत्र की अनदेखी ने मानो इस पूरे क्षेत्र को ही बीमार बना दिया है। घर से बाहर निकलते ही टूटी हुई सड़क, उसपर दिनभर सीवर से रिस रहे पानी की बदबू। यह गंदगी, जो अब पीने के पानी तक पहुंच गई है। सीवर के पानी में पनप रहे मच्छर नंगी आंखों से देखे जा सकते हैं। यहां के लोगों का दावा है कि पिछले तीन-चार सालों से वे दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। जलसंकट के कारण ट्यूबवेल खोदाई का काम होना था, पर ट्यूबवेल तो खुदी नहीं पूरी सड़क जरूर खुद गई। साथ ही कई घरों के छज्जे भी तोड़ने की कवायद की जानी है जिसमे कुछ कानूनी पेंच फसे है,पार्षदपति सुनील कनौजिया का कहना है कि ट्यूबवेल खोदाई के लिए प्लांट लाया जा रहा था जिससे सड़क और छज्जों को तोड़ना पड़ा। डेढ़ महीने से अधिक हो गए हैं पर अभी तक प्लांट का कोई अता-पता नहीं है।लोगों के मन में इस दुर्दशा को लेकर एक तरह की मायूसी और निराशा घर करने लगी है।



# साहब ! पिता ने जायजाद में हक नहीं दिया तो मार दिया

- हत्यारोपी पुत्र ने किया कबूलनामा, गमछे से गला दबाकर की थी हत्या
- पुलिस ने हत्यारोपी बेटे से पूछताछ के बाद भेजा जेल

## क्या था सेवानिवृत्त दरोगा का मामला

खुशीराम की सोमवार शाम छह बजे के करीब गांव के बाहर था। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने फोरेंसिक टीम से जांच कराई थी जांच में गला घोट कर हत्या किए जाने की बात सामने आई थी। इधर मृतक की छोटी बहू प्रेमलता ने जेठ हेमंत कुमार उर्फ पप्पू पर ससुर की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। देर रात तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। इधर पुलिस हिरासत में आने के बाद बेटे ने भी अपना जुर्म कबूल किया है।

कानपुर। थाना मूसानगर क्षेत्र के विकास खण्ड मलासा के भरतौली में सेवानिवृत्त दरोगा की बड़े बेटे ने गला घोंटकर पिता की हत्या की थी। इस मामले में पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने के 24 घंटे के अंदर हत्यारोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में उसने बताया कि पिता ने हमको हिस्से में कुछ भी नहीं दिया, इस पर गांव आने पर गमछे से गला घोटकर साहब हत्या कर दी। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मूसानगर दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि भरतौली में सेवानिवृत्त दरोगा खुशीराम (72) की हत्या में बहू प्रेमलता ने मृतक के बड़े बेटे हेमंत कुमार उर्फ पप्पू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस हत्यारोपी की गिरफ्तारी में लगी थी। मंगलवार सुबह 10 बजे के करीब उसे गांव की गोशाला के पास से गिरफ्तार किया गया है।




पूछताछ में उसने बताया कि उसके पिता के नाम 11 बीघा जमीन व मूसानगर में एक मकान है। पिता ने नौ बीघा जमीन व मकान छोटे भाई की बहू व बेटों का नाम कर दिया था। पिता ने उसे हिस्से में कुछ नहीं दिया था। वह पिता से कई बार हिस्से में कुछ देने की मांग कर चुका था।

मगर पिता अक्सर उससे झगड़ा करने लगते थे। सोमवार को गांव आने पर उसने पिता से हिस्सा मांगा। इस पर विवाद कर दिया, इसी से नाराज होकर उन्हीं के गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी। थानाध्यक्ष मूसानगर ने स्वराज इंडिया के संवाददाता से दिनेश गौतम ने बताया कि पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेजा गया है।

# भीषण गर्मी में छह ट्रेनों की एसी फेल

## परेशान हुए यात्री, ट्रेनों को स्टेशन पर दुरुस्त करा कर रवाना किया गया



कानपुर। बीते दिन सोमवार शाम को इस भीषण गर्मी मे हमसफर, श्रमशक्ति समेत छह ट्रेनों के एसी फेल हो गए। नाराज यात्रियों ने रेल मंत्रालय, रेल मंत्री और अन्य अधिकारियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर टैंग कर शिकायत पोस्ट की, जिसके बाद कई ट्रेनों के एसी दुरुस्त कर ट्रेनें रवाना की गई। कुछ यात्रियों ने रेलवे की हेल्पलाइन पर भी शिकायत की । यह ट्रेनें जब कानपुर सेंट्रल पहुंचीतक उनमें एसी की समस्या को ठीक कराकर अगले स्टेशन के लिए रवाना किया गया। आर्यन नाम के एक एक्स अकाउंट धारक ने शिकायत की कि नई दिल्ली से कानपुर की ओर आ रही श्रमशक्ति एक्सप्रेस 12452 के एसी कोच में कूलिंग नहीं हो रही है। वही, शुभम कुमार नाम के अकाउंट धारक ने आनंद विहार से मधुपुर के लिए जा रही हमसफर एक्सप्रेस 22460 के न बी-वन कोच में एसी फेल होने की शिकायत की। ट्रेन शाम साढ़े पांच बजे जब प्लेटफार्म नंबर 6 पर आई तो एसी की समस्या दूर कर उसे 5.55 बजे रवाना न किया गया। कई ट्रेनों के एसी खराब होने की मिली शिकायत इसी तरह आनंद विहार से कामाख्या जाने वाली 12505 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस - के बी- 1 कोच, बाड़मेर, पुणे-गोरखपुर समर स्पेशल के अलावा तीन और ट्रेनों के एसी खराब होने की शिकायत भी सामने आई। सेंट्रल स्टेशन के तकनीकी स्टाफ ने एसी सप्लाई और पूरे सिस्टम की जांच कर सभी ट्रेनों की दिक्कत दूर कर उन्हें आगे रवाना किया।

# रिहाई के बाद भी दो साल तक सलाखों के पीछे रही बुजुर्ग महिला

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार ने दहेज हत्या के मामले में उनकी आजीवन कारावास की सजा में छूट के बाद रिहा करने का आदेश दिया था। लेकिन कानपुर में बड़ी लापरवाही सामने आई। यहां शासन का आदेश आने के बाद भी बाबू की गलती के चलते महिला को दो साल जेल में और रहना पड़ा।

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 2022 में रिहाई के दिए थे आदेश

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नौबस्ता निवासी 78 वर्षीय सुमित्रा की माफी याचिका को स्वीकार करते हुए 2022 में रिहाई आदेश जारी किया था। इसमें दो-दो लाख रुपये की दो जमानतें लगाने का आदेश दिया गया। जिसमें सुमित्रा ने गरीबी का हवाला देते हुए जमानत राशि जमा करने में असमर्थता जताई। वहीं, तहसीलदार ने पूरे मामले की जांच पड़ताल की। जिसमें पाया कि महिला आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है, वह जमानत राशि नहीं दे सकती है। गरीबी को देखते हुए शासन ने जुलाई, 2023 में बगैर जमानत राशि के रिहाई करने के आदेश दिए।

### डीएम के पास फाइल आने पर खुला मामला

जिला प्रोबेशन दफ्तर में तैनात जिला परिवीक्षा काउंटर सहायक आशीष कुमार ने मंजूरी के लिए फाइल डीएम को भेजने के बजाय 10 महीने तक अपने पास रखे रहा। बीते 20 मई को डीएम के पास महिला की रिहाई की फाइल आई। तब उन्हें पूरे मामले की जानकारी हुई। इस पर डीएम राकेश कुमार सिंह डीएम ने क्लर्क को जमकर फटकार लगाई है।

### डीएम ने क्लर्क पर लगाया जुर्माना

डीएम राकेश कुमार सिंह ने बताया कि क्लर्क के निलंबन की सिफारिश की गई है। उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। महिला को रिहा करने के लिए कहा गया है।

### ये है पूरा मामला

बता दें कि, दहेज हत्या के एक मामले में सुमित्रा और उसके परिवार के सदस्यों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। सुमित्रा के पति की जेल में ही मौत हो गई, जबकि बेटा संतोष अभी सलाखों के पीछे ही है।

# छवि खराब करने वाले पुलिस कर्मियों को दंडित किया जाए

## पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिले एनएचआरसी संस्था के प्रतिनिधि

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर ।पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मो0 उस्मान अली शाह चेयरमैन N.H.R.A.C . और प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर बीते वर्ष में अच्छे कार्यों के लिए जहां एक और उन्हें सम्मानित किया सम्मान पत्र सौपा और अभिनंदन किया। वहीं दूसरी ओर कानपुर शहर की खास समस्याओं की तरफ ध्यान भी आर्कषित करते हुए कुछ गम्भीर समस्याओं पर चर्चा की। नंबर एक यातायात व्यवस्था और जो पुलिसकर्मी वर्तमान में पुलिस की छवि को खराब करने का काम कर रहे हैं उन्हें चिन्हित करके पद से हटाया जाए। नंबर 3 शहरों में घनी आबादी के बीच शराब गड्डियों को हटाया जाए।

दूसरी तरफ उनकी समय सीमा निर्धारित हो व गलत तरीके से जो लोग गाड़ी चलाते हैं उनके लाइसेंस निरस्त होने चाहिए। सचेन्डी थाना क्षेत्र एवं बाबू पुरवा में घटित घटनाओं से जहां पुलिस की छवि खराब हो रही है।

ऐसे अधिकारियों को पद मुक्त कर ठोस कार्रवाई भी की जानी चाहिए कुछ पुलिस कर्मियों द्वारा जन मानस के साथ शिष्टाचार न करके अपमानित प्रतिक्रिया उतपन कर भय का माहौल बना जाता है और लूटपाट की जाती हैं उन पर भी निगरानी रखी जाए एव मानव अधिकारों का सम्मान भी ध्यान योग है इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मो0 वसीम एड0 प्रदेश उपाध्यक्ष नुसरत अली,अभिषेक कटियार, राहुल भारती, वीरेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, अनीश अहमद सहित जिम्मेदार लोग मौजूद थे।

# दिव्यांगों को आवास देने में डूडा अफसर पिछड़े

- न्यायालय दिव्यांगजन आयुक्त के आदेश के बाद भी दिव्यांगों को नहीं मिल पा रहा आसरा आवास
- राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने परियोजना अधिकारी डूडा को सौंपा ज्ञापन
- 15 जून से शुरू होगा अनिश्चित कालिन अनशन
- विकास भवन में लिफ्ट बन्द देख कर भड़के दिव्यांगजन,जम कर हुई नारेबाजी





कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आज परियोजना अधिकारी डूडा को ज्ञापन सौंप कर राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश के मोबाईल कोर्ट के जरिये दिये गये आदेश के अनुपालन में एक माह में आसरा आवास के पात्र दिव्यांगजनों को दिव्यांगजन अधिनियम 2016 के तहत 5 फीसदी आरक्षण कोटा पूरा करते हुए आसरा आवास देने की मांग की है। विकास भवन में प्रदर्शन के दौरान डूडा कार्यालय जाते समर लिफ्ट बन्द देख कर दिव्यांगजन भडक गये और विरोध में जम कर नारेबाजी करने लगे। ज्ञात हो कि राज्य आयुक्त दिव्यांगजन ने 5 मार्च 2024 को मोबाईल कोर्ट का आयोजन कर आदेश जारी किया था। दो मांह बीतने के बाद भी आज तक दिव्यांगजनो को आसरा आवास नहीं दिया गया। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि आसरा आवास योजना में जान बुझ कर दिव्यांगजनो को आसरा आवास से वंचित किया गया है। कुछ दिव्यांगजन को आसरा आवास देने की बात परियोजना अधिकारी डूडा द्वारा देने कि बात कही जा रही है, उन्हें सामान्य श्रेणी में आवास दिया गया है। दिव्यांग कोटा आसरा आवास योजना में लागू नही किया गया है। जबकि दिव्यांगजन अधिनियम 2016 में स्पष्ट प्रावधान है कि दिव्यांगजन को अलग से आरक्षण दिया जाय। न्यायालय राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश ने इसी के तहत सभी पात्र दिव्यांगजन को मोबाईल कोर्ट के जरीए एक माह में आवास देने के आदेश दिया था। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि डूडा कार्यालय जल्द पात्र दिव्यांगजन को आसरा आवास नहीं देता है तो 15 जून से विकास भवन में अनिश्चित कलिन अनशन शुरू किया जायेगा। आज ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार,प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी,प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी,गुड्डी दीक्षित,वैभव दीक्षित,गौरव कुमार,अनुराधा गुप्ता,गोमती, सरला,गुलजार,जितेन्द्र गुप्ता, कमलेश कुमार सिंह,जौहर अली, सानू सिंह,रामकेस आदि शामिल थे।

# जूही हमीरपुर रोड व्यापार मंडल का संपन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जूही हमीरपुर रोड व्यापार मंडल के तत्वाधान में नई कमेटी का गठन हुआ था जिसका की आज दिनांक 19 मई 2024 दिन रविवार को शपथ ग्रहण समारोह बाबा नामदेव हाल सब्जी मंडी जूही बारादेवी में पूर्ण हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश तिवारी , करुणेश जी महाराज, प्रमोद कुमार द्विवेदी व ज्योति बाबा मुख्य रूप से रहे। जूही हमीरपुर रोड व्यापार मंडल के संस्थापक हरी श्याम मिश्रा ,चेयरमैन ऋषभ मिश्रा,अध्यक्ष मनबोधन सिंह , महामंत्री गगनदीप सिंह, उपाध्यक्ष कमल उत्तम, संरक्षक डॉक्टर समर जीत सिंह, ने मुख्य अतिथि का व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। जूही हमीरपुर रोड व्यापार मंडल ने समाज, शिक्षा, चिकित्सा, न्याय विभाग, गंगा टास्क फोर्स आर्मी, महिला सशक्तिकरण आदि 19 विभूतियो को सम्मानित किया।



जूही हमीरपुर रोड व्यापार मंडल ने कानपुर शहर में पहली बार अपने व्यापारी सदस्यों को 225000 का बीमा दिया। जूही हमीरपुर रोड व्यापार मंडल ने अपने सभी व्यापारिक सदस्यों को आई कार्ड, प्रमाण पत्र व बीमा दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से योग गुरू ज्योति बाबा, समर जीत उमराव, सुरेश दीक्षित, सुरेंद्र पाल सिंह, चौधरी वेद पाल सिंह, मिथिलेश कुमार पांडे, शैलजा रावत, ज्ञान सुंदर पांडे जितेन पांडे, शैलेंद्र पांडे, अरविंद मिश्रा ,सुरेश चंद यादव, राकेश तिवारी, जूही सेक्टर अध्यक्ष कुलजीत सिंह, मधु लोक सेक्टर अध्यक्ष राहुल जैन, जूही टायर मंडी सेक्टर अध्यक्ष मोहम्मद अंसार, साकेत नगर सेक्टर अध्यक्ष मनजीत सिंह ठुकराल,बारा देवी सेक्टर अध्यक्ष संतोष शर्मा,उपमंत्री मारुत पांडे, विशाल मिश्रा, हरि स्वरूप तिवारी, अमित मिश्रा, सुनील कनौजिया, चिरंजीत सिंह नामी, सरदार नीतू सिंह व बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी जोड़ों ने लगाई फांसी

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर देहात। जिले से बड़ी खबर सामने आई है।यहां पर बबूल के पेड़ से एक युवक व किशोरी के शव लटके मिले हैं।आशंका जाहिर की जा रही है कि दोनों ने प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की है। घटना की जानकारी मिलने पर आस पड़ोस के लोग मौके पर एकत्र हो गए।सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच की।शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।घटना कानपुर देहात के शिवली कोतवाली अंतर्गत रामपुर की है।शिवली के निराला नगर के महेश की लड़की शकुंतला (17) व रामपुर गांव के रामपाल राठौर के लड़के मदन (23) अभी 16मई को जेल से बाहर आया था। सड़क किनारे एक बबूल के पेड़ से एक युवक व युवती का शव देखकर गांव में और क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई।घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।आशंका जाहिर की जा रही है कि दोनों ने प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की है।दोनो आस पड़ोस गांव के बताए जा रहे हैं।सूचना मिलने पर पुलिस तथा फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।इंस्पेक्टर संजय गुप्ता ने कहा कि बबूल के पेड़ से शव लटके मिले हैं।मामले की जांच की जा रही है।

# औरंगजेब की आत्मा को जीवित नहीं होने देगी बीजेपी: मुख्यमंत्री



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि इंडिया गठबंधन एक चेतावनी संकेत है और पुष्टि करता है कि सत्तारूढ़ दल मुगल सम्राट औरंगजेब की आत्मा को जीवित नहीं होने देगा। जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतरे भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह के समर्थन में जौनपुर के शाहगंज के पट्टी नरेंद्रपुर में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, 卐रामलला ने तीसरी बार अपने भक्त (पीएम मोदी) को सत्ता सौंपने का फैसला किया है।卐 आदित्यनाथ ने कहा कि इस चुनाव में दो धाराएं स्पष्ट हो चुकी हैं, एक रामभक्तों, राष्ट्र भक्तों, विकास की है तो दूसरी राम द्रोहियों, भारत विरोधियों, गरीब कल्याण विरोधियों की है जो आतंकवाद को पनपने देते हैं और देश के साथ गद्दारी करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''जब भी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) का गठबंधन होता है, जब भी दो लड़कों की जोड़ी मिलती है तो कोई न कोई अनर्थ करने के लिए मिलती है।'' नेशनल इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टी नरेंद्रपुर में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा विधायक और सांसद जिले में जरूरी विकास लाएंगे और दुनिया जौनपुर आएगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी सरकार राज्य से माफिया का खात्मा करके रहेगी। यूपी के सीएम ने पिछड़ों, अनुसूचित जातियों और जनजातियों के आरक्षण अधिकारों की रक्षा करने की कसम खाई। साथ ही उन्होंने चल रहे विकासात्मक पहलों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने वाराणसी में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल के उद्घाटन सहित यूपी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जौनपुर में मेडिकल कॉलेज और शाहगंज में एथेनॉल संयंत्र की स्थापना पर ध्यान केंद्रित किया।योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की पूर्ववर्ती सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ''इस पूरे प्रयागराज क्षेत्र में जिन लोगों ने वसूली के केंद्र खोले थे, गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर रहे थे, बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए जो खतरा बने हुए थे, वे अब मिट्टी में मिल गए हैं।'' उन्होंने कहा, ''इससे प्रदेश ही नहीं पूरा देश खुश है लेकिन सपा के यहां मातम है। उनको न आपकी और न प्रदेश की चिंता नहीं थी। उनको अपनी राजनीति की चिंता थी। सपा और कांग्रेस के लोग देश की कीमत पर राजनीति करना चाहते हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''पहले गरीबों की कल्याणकारी योजनाएं ये माफिया डकार जाते थे और गरीब को राशन नहीं मिलता था। गरीब का मकान सपा के गुंडे हड़प लेते थे।''

मुख्यमंत्री ने केंद्र की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आज 80 करोड़ लोगों को नि:शुल्क राशन, 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, 50 करोड़ लोगों के जनधन खाते और 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि, 12 करोड़ गरीबों के घरों में शौचालय पहुंच गया है और चार करोड़ गरीबों के मकान बन गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने भी कहा है कि 70 वर्ष से ऊपर का जो भी बुजुर्ग होगा, उसे हर वर्ष पांच लाख रुपये तक का उपचार नि:शुल्क कराने के लिए कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा।

### लखनऊ में बोले केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# दुनिया भर में भारत के प्रति धारणा बदल गई, अब पाकिस्तान भी कर रहा हमारी तारीफ



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत पर पाकिस्तानी नेता की सकारात्मक टिप्पणियों को उजागर करते हुए कहा कि इस्लामिक राष्ट्र भी भारत के शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विकास को स्वीकार कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के लिए लखनऊ में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए, भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि भारत 2027 तक संपत्ति के मामले में विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर होगा। उन्होंने कहा कि हमारे एक ऐसे पड़ोसी जिन्होंने कभी भी हमारे देश के बारे में अच्छा नहीं बोला और आज उनके नेता बोल रहे हैं कि भारत एक शक्तिशाली देश बन रहा है और पाकिस्तान आज भी पिछड़ा हुआ है।

राजनाथ सिंह ने दावा किया कि दुनिया भर में भारत के प्रति धारणा बदल गई है। सभी देशों के नेता अब कह रहे हैं कि 21वीं सदी भारत की है। राजनाथ सिंह लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी (सपा) के रविदास मेहरोत्रा ??और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार सरवर मलिक से है। लखनऊ संसदीय सीट के लिए मतदान लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के साथ 20 मई को होना है। उनकी यह टिप्पणी पाकिस्तानी सांसद सैयद मुस्तफा द्वारा बुधवार को नेशनल असेंबली में अपने भाषण के दौरान भारत और पाकिस्तान की उपलब्धियों की तुलना करने के बाद आई है।

मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के नेता ने कहा कि दुनिया चांद पर पहुंच रही है। लेकिन आज कराची में मासूम बच्चे खुले गटर में गिरकर मर रहे हैं। इसके अलावा, बाल्टीमोर स्थित पाकिस्तानी अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने भी भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए उन्हें एक मजबूत नेता बताया, जो भारत को नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। उन्होंने 2024 में भारत की बढ़त को स्वीकार करते हुए उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा नेता मिलेगा।

# इरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर क्रैश में हुई मौत, विदेश मंत्री भी नहीं बचे



ईरान में एक हेलीकॉप्टर हादसा हो गया है जिसमें ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत हुई है। समाचार एजेंसी रायटर्स ईरानी अधिकारी के हवाले से इसकी जानकारी साझा की है। दरअसल दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के पास पहुंची रेस्क्यू टीम ने दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलीकॉप्टर के मलबे का पता लगाया है। कई घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच सकी है जिसके बाद बेहद कम उम्मीद है कि इस हादसे में कोई जीवित बचा होगा।

इस हेलीकॉप्टर में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और उनके विदेश मंत्री यात्रा कर रहे थे। इसी बीच बर्फीले मौसम के कारण पहाड़ी इलाके में हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ईरान की मीडिया की माने तो बचाव दल ने राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर को पहचान है। रेस्क्यू टीम को अब तक किसी जीवित व्यक्ति का सुराग नहीं मिला है।

**रेस्क्यू टीम को पहुंचने में लगे 17 घंटे**

जानकारी के मुताबिक यह हादसा अजरबैजान के पहाड़ी इलाके में हुआ था। ऐसे में पहाड़ी इलाका होने के कारण और रात भर चली बर्फीले तूफान के बीच रेस्क्यू टीम को काफी संघर्ष करना पड़ा। रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर 17 घंटे के बाद पहुंची है जिसका मुख्य कारण खराब मौसम रहा।बता दें कि यह दुर्घटना ऐसे समय में हुई है जब रईसी और सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के नेतृत्व में ईरान ने बीते महीने ही इसराइल पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए थे।

इसके अलावा ईरान का यूरेनियम संवर्धन भी हथियार बनाने के लिए आवश्यक स्तर के करीब पहुंच गया है। ईरान को खराब अर्थव्यवस्था और महिला अधिकारियों को लेकर उसके शिया धर्मतंत्र के खिलाफ पिछले कुछ वर्षों में व्यापक पैमाने पर प्रदर्शन का सामना भी करना पड़ा है जिससे मद्देनजर इस हादसे के परिणाम तेहरान और देश के भविष्य के लिए कहीं अधिक गंभीर हो सकते हैं। रईसी ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे।

सरकारी टीवी ने कहा कि ''हार्ड लैंडिंग'' की यह घटना ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 600 किलोमीटर (375 मील) दूर उत्तर-पश्चिम में अजरबैजान देश की सीमा से सटे जुल्फा शहर के निकट हुई। बाद में हालांकि टीवी ने बताया कि यह घटना उजी के निकट हुई है लेकिन इससे जुड़ी जानकारियां अभी तक विरोधाभासी हैं। सरकारी समाचार एजेंसी 'आईआरएनए' की खबर के अनुसार, रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर और अन्य अधिकारी तथा अंगरक्षक भी यात्रा कर रहे थे।

# पंजाब में प्रवासी हिंदुओं के खिलाफ आप सरकार का हिन्दू विरोधी एजेंडा असहनीय: हिन्दू महासभा

### हिन्दू और सिख एक मां ( सनातन ) के दो संतान: द्विवेदी

नई दिल्ली, अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने पंजाब में रहने वाले हिंदुओं के खिलाफ सरकार का हिन्दू विरोधी एजेंडा की कड़ी निन्दा करते हुए इसे असहनीय घोषित किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार हिंदुओं के प्रति वैमनस्य की भावना रखती है और उसका हिन्दू विरोधी एजेंडा खालिस्तान समर्थकों के इशारे पर लागू किया जाना प्रतीत होता है।

हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि पंजाब में दलित हिंदुओं को दलित प्रमाण पत्र जारी किया जाना प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिस कारण उनके बच्चों को न तो स्कूलों में दाखिला मिल पा रहा है और न ही अन्य राजकीय सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजकीय सुविधाओं के अभाव में पंजाब के दलित हिंदुओं का जीवन नरक से भी बदतर हो गया है और वो पंजाब से पलायन करने पर विवश हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू और





सिख एक मां ( सनातन धर्म ) की दो संतान है और दोनो में भेद करना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। यह जानकारी आज जारी बयान में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने दी।

बी एन तिवारी ने जारी बयान में कहा कि पंजाब सरकार विभाजनकारी नीतियों के माध्यम से हिन्दू और सिख में विभाजन पैदा कर पंजाब प्रदेश को हिन्दू विहीन बनाने की साजिश रच रही है, जो खालिस्तान समर्थकों के षड्यंत्र से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का खालिस्तान समर्थकों से संबंध जगजाहिर है

और हिन्दू तथा सिख के मध्य भेदभाव पंजाब को पृथक राष्ट्र बनाने की अलगाववादी नीति से प्रेरित लगता है। हिन्दू महासभा इसे किसी भी कीमत पर सहन नही करेगी और लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद पंजाब सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करवाने के लिए अभियान आरंभ करेगी।

हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने पंजाब सरकार और आम आदमी पार्टी को दलित विरोधी घोषित करते हुए कहा कि दलितों का यह विरोध आम आदमी पार्टी के ताबूत की आखिरी कील सिद्ध होगा।

हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश सिंह और पंजाब प्रदेश अध्यक्ष सुमित्र राय ने कहा कि पंजाब में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार सहित उत्तर भारत, पश्चिम भारत से भारी संख्या में हिन्दू रोजगार की तलाश में पंजाब आते हैं और पंजाब के विकास तथा राजस्व वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके साथ पंजाब सरकार का सौतेला व्यवहार पंजाब को पतन के मार्ग पर ले जायेगा। यदि प्रवासी हिंदुओं ने पंजाब आना बंद कर दिया और सारे प्रवासी हिन्दू वापस अपने राज्यों में लौट गए तो पंजाब का नाम देश के सबसे पिछड़े प्रदेशों की सूची में शुमार हो जायेगा। दोनो पदाधिकारियों ने कहा कि पंजाब सरकार महाराष्ट्र सरकार की उत्तर भारतीय विरोधी नीति अपना रही है, जो राष्ट्रहित में नहीं है। सरकार को हिन्दू विरोधी नीति त्यागकर समान नीति लागू करनी होगी।

# पवन सिंह ने कहा, मैं अपना नामांकन वापस नहीं लूंगा, बीजेपी ने पार्टी से निकाला





भारतीय जनता पार्टी
बिहार प्रदेश

22.05.2024

श्री पवन सिंह जी
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,भाजपा
जिला- भोजपुर

महाशय,

लोकसभा चुनाव में आप एनडीए के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं । आपका यह कार्य दल विरोधी है । जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है तथा पार्टी अनुशासन के विरुद्ध आपने यह कार्य किया है।

अतः आपको दल विरोधी इस कार्य के लिए माननीय प्रदेश अध्यक्ष जी के आदेशानुसार पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

(अरविन्द शर्मा)
प्रदेश मुख्यालय प्रभारी
भाजपा, बिहार

लोकसभा चुनाव 2024ः भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार में एनडीए के आधिकारिक उम्मीदवार के खिलाफ स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने के लिए भोजपुरी गायक पवन सिंह को निष्कासित कर दिया। पवन सिंह ने पहले स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में काराकाट लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के अपने फैसले की घोषणा की थी।भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने पिछले हफ्ते कहा था कि वह किसी भी कीमत पर बिहार की काराकाट लोकसभा सीट से अपनी उम्मीदवारी वापस नहीं लेंगे. अभिनेता से नेता बने अभिनेता ने यह टिप्पणी तब की जब वरिष्ठ भाजपा नेता और बिहार के मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि सिंह को अपना नामांकन वापस ले लेना चाहिए अन्यथा पार्टी उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी।

पवन सिंह ने कहा, मैं अपना नामांकन वापस नहीं लूंगा क्योंकि यहां से लौटने का कोई मतलब नहीं है। मैं एक कलाकार हूं, कोई अपराधी नहीं हूं जिसके खिलाफ बीजेपी कार्रवाई करेगी। यह भारत है और यहां हर किसी को जीने का अधिकार है। स्वतंत्र जीवन, चाहे कोई कुछ भी कहे, पवन सिंह किसी भी कीमत पर काराकाट से चुनाव लड़ेंगे।सिंह काराकाट संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। इसी सीट से उनकी मां प्रतिमा सिंह ने भी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया है। उसी सीट से अपनी मां के नामांकन के बारे में अभिनेता-राजनेता ने कहा कि यह सिर्फ एक रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा, मैं लोकसभा चुनाव लड़ूंगा और जीतूंगा क्योंकि काराकाट के लोगों ने अपना मन बना लिया है।

पवन सिंह की मौजूदगी से काराकाट का मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। एनडीए ने काराकाट सीट से उपेंद्र कुशवाहा को मैदान में उतारा है, जबकि महागठबंधन ने सीपीआई-एमएल के राजाराम सिंह कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया है।बीजेपी ने पवन सिंह को पश्चिम बंगाल के आसनसोल से चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया था लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया. बाद में, भोजपुरी स्टार ने 9 मई को काराकाट से अपना नामांकन दाखिल किया। काराकाट में मतदान सातवें चरण में 1 जून (शनिवार) को होगा।

# दिल्ली की सातों लोकसभा सीट पर विपक्षी उम्मीदवारों की जमानत रद्द करवाएं मतदाता : हिन्दू महासभा

नई दिल्ली, अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने लोकसभा चुनाव 2024 में दिल्ली की सातों लोकसभा सीट पर 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव की पुनरावृति करते हुए भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने और विपक्षी उम्मीदवारों की जमानत जब्त करवाने की अपील की है।हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता ने आज जारी बयान में बताया कि हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने आज एक वीडियो संदेश जारी करते हुए दिल्ली के मतदाताओं से कहा कि *भारत तेरे टुकड़े होंगे * का देश विरोधी नारा लगाने वाले कन्हैया कुमार को कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा से अपना उम्मीदवार बनाकर साबित कर दिया है कि कांग्रेस का हाथ देशद्रोहियों के साथ है।राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता ने कहा कि कन्हैया कुमार को वोट देना देश के दुश्मनों को वोट देने के समान होगा। उन्होंने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा के मतदाताओं से कन्हैया कुमार के देशद्रोह का अपने वोटों की ताकत से सबक सिखाते हुए उसकी जमानत जब्त करवाने और भाजपा प्रत्याशी दो बार के सांसद मनोज तिवारी को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

# कल तक उनके लिए मैं लेडी सिंघम थी और आज बीजेपी एजेंट बन गई: स्वाति मालीवाल

अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार पर चल रही जांच के बीच, बीजेपी सांसद और पूर्व दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के मंत्रियों और आम आदमी पार्टी के नेताओं पर अपनी कार के नंबरों का उपयोग करके उनके रिश्तेदारों की निजी जानकारी ट्वीट करके उनकी जान खतरे में डालने का आरोप लगाया है। मालीवाल ने एक्स को संबोधित करते हुए दिल्ली के मंत्रियों की आलोचना की कि उन्होंने उन्हें सिर्फ इसलिए ट्रोल किया क्योंकि उन्होंने सच बोला था। उन्होंने पोस्ट में कहा, कल से दिल्ली के मंत्री झूठ फैला रहे हैं कि मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है, इसलिए मैंने बीजेपी के निर्देश पर यह सब किया।

उन्होंने आगे कहा कि आप नेता जिस एफआईआर के बारे में बात कर रहे हैं, वह आठ साल पहले 2016 में दर्ज की गई थी, जिसके बाद मुख्यमंत्री और एलजी दोनों ने उन्हें दो बार महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि मामला पूरी तरह से फर्जी है जिस पर माननीय उच्च न्यायालय ने 1.5 वर्ष तक रोक लगा रखी है, जिसने स्वीकार किया है कि कोई पैसे का लेन-देन नहीं हुआ है। उनके मुताबिक, जब तक मैंने बिभव कुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं कराई थी, तब तक मैं लेडी सिंघम थी और आज मैं बीजेपी एजेंट बन गई हूं?

उन्होंने दावा किया कि सिर्फ उन्हें ट्रोल करने के लिए पार्टी नेता द्वारा उनके रिश्तेदारों की जान खतरे में डाली जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली के मंत्री सत्ता के नशे में चूर हैं, लेकिन सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं आपके फैलाए हर झूठ के लिए आपको अदालत में ले जाऊंगा! उन्होंने कहा कि पूरी ट्रोल आर्मी मेरे खिलाफ सिर्फ इसलिए तैनात कर दी गई क्योंकि मैंने सच बोला था।' पार्टी में सभी को बुलाया जा रहा है और कहा जा रहा है कि अगर उनके पास स्वाति का निजी वीडियो है तो उसे भेजें, क्योंकि इसे लीक होना ही है। खैर, झूठ ज़्यादा दिनों तक नहीं टिकता। लेकिन सत्ता के नशे में, किसी को गिराने के जुनून में ऐसा न हो कि सच सामने आने पर आप अपने परिवार से भी आंख न मिला पाएं।

# गंगा नहाने गए 3 भाई-बहनों की दर्दनाक मौत

## कानपुर में तेज बहाव में समा गए, गोताखोर बचाने के लिए कूदे तो मिले तीनों के शव मिले

### दोनों भाइयों के बीच इकलौता बेटा था गौतम

फूलचंद और हरि प्रसाद दोनों सगे भाई हैं। हरि प्रसाद की चार बेटियां ज्योति, छोटी, बिट्टा, कोमल प्रिया और फूलचंद की पांच बेटियां अंजलि, सलोनी, कांति, एकता और काजल के बीच ज्ञान गौतम हरि प्रसाद का इकलौता बेटा था।





कानपुर। कानपुर में गर्मी में गंगा नहाने गए तीन भाई-बहनों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा गुरुवार सुबह अरौल थाना क्षेत्र के आकिन घाट पर हुआ। अधिक गहराई में उतरने के चलते तीनों तेज बहाव में आ गए और गंगा में समा गए। चीख-पुकार सुन घाट पर मौजूद लोग और गोताखोरों ने पानी में छलांग लगाई। उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तीनों डूब गए थे। इसके बाद अरौल थाने की पुलिस और ष्टक्कबिल्हौर मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से तीनों के शव को बाहर निकाला। तीनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।अरौल थाना क्षेत्र के आकिन पुरवा में रहने वाले हरि प्रसाद और फूलचंद सगे भाई हैं। हरि प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे उनके दो बच्चे ज्ञान गौतम (6), प्रिया (10) और उनके भाई फूलचंद की बेटी एकता (6) घर में बिना बताए आकिन घाट पर नहाने पहुंच गए थे। सुबह 9-45 बजे नहाने के दौरान तीनों बच्चे गंगा में ज्यादा गहराई में उतर गए। तेज बहाव की चपेट में आने से गंगा में डूब गए।

# पुलिस आयुक्त द्वारा कल्याणपुर से गुरुदेव क्रासिंग तक सड़क मार्ग का किया गया निरीक्षण

कानपुर। पुलिस आयुक्त श्री अखिल कुमार द्वारा गुरूदेव क्रॉसिंग से कल्याणपुर जीटी रोड़ मार्ग पर रहने वाले *यातायात दबाव तथा जाम की समस्या के कारणों की समीक्षा हेतु गुरूदेव क्रासिंग से कल्याणपुर तक तथा कल्याणपुर से रावतपुर कॉर्डियोलॉजी तक* सड़क मार्ग का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में रावतपुर तिराहे पर रोड साइड अवैध वेन्डरों तथा स्थानीय दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण एवं टैम्पो, टैक्सी, बस, ई-रिक्शों द्वारा अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम लगने की समस्या सामने आने के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारीगणों *पुलिस उपायुक्त पश्चिम श्री विजय ढुल, पुलिस उपायुक्त यातायात श्रीमती आरती सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम श्री विजेन्द्र द्विवेदी, अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल श्री सन्तोष कुमार मीना, सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर श्री अभिषेक पाण्डेय* से व्यवस्थित यातायात के सम्बन्ध में विमर्श कर आवश्यक सुधार हेतु दिशा निर्देश दिए गए।




# गर्मी का हाहाकार : गंगा में नहाने गए तीन युवक डूबे

## एक का शव बरामद, दो लापता, 24 घंटे में डूबने की तीसरी घटना

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शुक्रवार का दिन ब्लैक फ्राइडे प्रतीत हुआ है। शहर में छह लोगों की डूबने से मौत हो गई। वहीं दो युवकों की तलाश जारी है। ताजा मामला बाबा घाट का हैं, जहां गंगा में नहाने गए युवक की मौत हो गई। 24 घंटों के भीतर हुई छह मौतों से शहर में सनसनी मच गई।कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाबा घाट में गंगा में नहाने गए तीन युवक डूब गए। युवकों द्वारा शोर मचाने पर गोताखोरों ने गंगा में छलांग लगाई, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। एक युवक का शव गोताखोरों ने बाहर निकाल लिया है, जबकि दो युवकों के शवों की तलाश जारी है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा गया।बीते 24 घंटे के दौरान डूबने से मौत की यह तीसरी घटना है। सुबह अरौल फिर दोपहर को शिवराजपुर से और फिर देर शाम बाबा घाट से दुःखद खबरें मिली। तीनों जगहों से कुल छह लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि दो अभी लापता हैं। घटनाओं के बाद से ही शहर में सनसनी फैल गई है।

# 14 सूत्री को लेकर नगर निगम कर्मचारी संघ ने सौपा ज्ञापन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नगर निगम कर्मचारी संघ कानपुर के 14 सूत्रीय मांग पत्र पर नगर आयुक्त शिवशरप्पा एन की अध्यक्षता में संघ के प्रतिनिधि मंडल से नगर निगम सभागार में 12 बजे से वार्ता हुई वार्ता में मुख्य रूप से संविदा सफाई कर्मचारियों को 230 प्रतिशत मंहगाई भत्ते का दिए जाने पर सहमति बनी, निलंबित कर्मचारियों के शीघ्र बहाली किया जाएगा,

मृतक आश्रित के लंबित प्रकरण की कमेटी हो गई है 4 जून के बाद नियुक्ति पत्र जारी कर दिया जाएगा सफाई कर्मचारियों के सफाई व्यवस्था का निरीक्षण 9-00 बजे के बाद किया जाए एवं भीषण गर्मी को दृश्यगत रखते हुए 10-00 बजे तक कर्मचारियों को छुट्टी दे दी जाए, कर्मचारियों का मेडिकल अवकाश के भुगतान पर सहमति बनी, स्थाईकरण को तत्काल किए जाने पर सहमति बनी, एसीपी की कमेटी प्रत्येक माह किया जाएगा साथ ही समस्त लंबित प्रकरण का निस्तारण किया जाएगा,

कंप्यूटर ऑपरेटर, माली एवम केयर टेकर के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का हर माह 5 तारीख तक भुगतान किया जाएगा इस माह का वेतन जारी कर दिया गया है, अचयनित कर्मचारियों का वेतन आउटसोर्सिंग के बराबर दिया जाएगा, संविदा कर्मचारियों की मृत्यु होने पर उनके परिवार के एक आश्रित को आउटसोर्सिंग पर रखा जाएगा, द्वितीय श्रेणी लिपिक की परीक्षा का परिणाम शीघ्र जारी होगा, चालक के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जो कार्य कर रहे हैं उनकी पदोन्नति की मांग किया



गया।अंत में नगर आयुक्त महोदय ने संघ के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं को अस्वस्थ किया की 4 जून को आदर्श चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद संगठन से पुनः वार्ता कर लंबित मांगों पर आदेश जारी कर दिया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से अपर नगर आयुक्त आवेश खान, मुख्य वित्त लेखा अधिकारी कृपानंद शुक्ला, मुख्य नगर लेखा परीक्षक इसरार अंबिया, नगर स्वास्थ्य सरकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह, कार्मिक सीपी सिंह एवं संघ की ओर से देवीदीन भाऊ, रमाकांत मिश्रा, मुन्ना हजारिया, नीलू निगम, नरेंद्र खन्ना, राजू पवन, रामगोपाल चौधरी, भारत, रवि सिंह, शिव शंकर मिश्रा, मुकेश, संजय हजारिया, दिग्विजय, सुनील निगम, हिमांशु निगम, हेमंत सिंह, संजय मौर्य, दिनेश गुप्ता आदि लोग प्रमुख रूप से थे।

# बंगाल में गुस्साई साधुओं की भीड़ ने घेरा, ममता के उड़े होश



पश्चिम बंगाल में संतों के अपमान पर घमासान छिड़ा हुआ है। इसके खिलाफ विरोध जताने के लिए साधु संत सड़कों पर उतर चुके हैं। साधु संत सीएम ममता बनर्जी की टिप्पणी का विरोध कर रहे हैं। बंगाल की सड़कों पर संतों का हुजूम उतरा। संत स्वाभिमान यात्रा को विश्व हिंदू परिषद का समर्थन हासिल है। दरअसल, 28 मई को जलपाईगुड़ी में रामकृष्ण मिशन के आश्रम पर हमला हुआ था। आरोप है कि बंदूक की नोक पर संतों और कर्मचारियों से मारपीट हुई थी। रामकृष्ण मिशन ने इसके पीछे स्थानीय भू-माफियाओं का हाथ बताया और पुलिस से इसकी शिकायत की थी। इसे लेकर बीजेपी ने ममता सरकार को घेरा तो ममता ने आरोप लगा दिया कि प्रभावशाली मठों के कुछ संत बीजेपी के असर में हैं। उन्होंने ये भी आरोप मढ़ा कि रामकृष्ण मिशन और भारत सेवा आश्रम के कुछ सदस्य दिल्ली के निर्देश पर काम करते हैं। इस पर रामकृष्ण मिशन ने बयान जारी करते हुए ममता के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि हम हमेशा राजनीति से दूर रहे हैं।

### सेवाश्रम को लेकर मोदी-ममता में जुबानी जंग

धार्मिक नेता श्री रामकृष्ण की पत्नी सारदा देवी का जन्मस्थान जयरामबाती शहर में एक रैली में बोलते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारत सेवाश्रम संघ और रामकृष्ण मिशन के कुछ सदस्य बीजेपी नेतृत्व के इशारे पर काम कर रहे हैं। बरहामपुर में एक महाराज हैं। मैं उनके बारे में काफी समय से सुन रही हूं। कार्तिक महाराज का कहना है कि वह पोल बूथ में किसी भी टीएमसी एजेंट को अनुमति नहीं देंगे। मैं उन्हें संत नहीं मानती क्योंकि वह सीधे तौर पर राजनीति में शामिल हैं और देश को बर्बाद कर रहे हैं। मैं भारत सेवाश्रम संघ का बहुत आदर करती थी। यह लंबे समय से मेरी सम्मानित संगठनों की सूची में है। रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के कुछ भिक्षु दिल्ली में भाजपा नेताओं के प्रभाव में काम कर रहे हैं। जो लोग मंदिरों की देखभाल कर रहे हैं वे महान आध्यात्मिक कार्य कर रहे हैं, लेकिन हर कोई नहीं। हम भिक्षुओं का सम्मान करते हैं। बनर्जी के बयान के एक दिन बाद पीएम ने पुरुलिया में एक सार्वजनिक बैठक में जवाब दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की ममता सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल की मुख्यमंत्री रामकृष्ण मिशन, भारत सेवा आश्रम और इस्कॉन के लोगों को खुलेआम धमकी दे रही है। वो सिर्फ अपने मदताताओं को खुश करने के लिए ऐसा कर रही है। जिस सरकार के मन में ऐसे धार्मिक संगठनों के प्रति कोई सम्मान नहीं है, उसे आपके वोटों के माध्यम से एक बड़ा सबक सिखाना है ताकि वह भविष्य में ऐसे संगठनों का अपमान करने की हिम्मत न कर सके।

### मोदी के अटैक पर डिफेंसिव मोड में आई टीएमसी

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और उसकी सुप्रीमो ममता बनर्जी डैमेज कंट्रोल मोड में आ गई है। बनर्जी ने बयान देकर सफाई दी कि वह किसी संस्था के खिलाफ नहीं बोल रही हैं। मैंने बस कुछ व्यक्तियों के बारे में बात की। ऐसे ही एक व्यक्ति थे कार्तिक महाराज। मैंने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि मुझे जानकारी मिली है कि वह तृणमूल कांग्रेस के चुनाव एजेंटों को अनुमति नहीं देते है। वह धर्म की आड़ में भाजपा की ओर से काम करते हैं। उन्हें राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने का पूरा अधिकार है। लेकिन उस स्थिति में, उन्हें भगवा वस्त्र के पीछे शरण लेने के बजाय सार्वजनिक रूप से कमल के प्रतीक को गले लगाना चाहिए।लेकिन ममता की सफाई से साधु संत संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने बंगाल सीएम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

# अवैध संबंधों में बाधा बनने पर खून की प्यासी हुई किशोरी





कन्नौज में किशोरी द्वारा पिता की हत्या करने का मामला चर्चा का विषय
किशोरी के साथ प्रेमी भी अरेस्ट, पूछतांछ जारी

कन्नौज। कन्नौज जिले में अवैध संबंधों में फंसी इंटर की छात्रा ने अपने पिता की धारदार हथियार से हत्या करके भाई पर भी हमला किया। इस घटना से पूरे समाज में हडकंप मच गया है। प्रेम और हवश में पागल हो चुकी किशोरी किस हदतक उतर गई।अपने पिता अजय पाल राजपूत हत्या करने वाली किशोरी का नाम निधि है। वह वीएसएस इंटर कॉलेज सिकंदरपुर की 12 की छात्रा है। मृतक के परिवार में पत्नी मोनी और 14 वर्षीय भाई अमन है। वहीं, पुलिस पूछतांछ के आधार पर हिमांशु यादव पुत्र प्रमोद यादव नाम के युवक को गिरफतार कर लिया गया है। हिमांशु के साथ ही हत्यारोपी किशोरी  पढती है। दोनों से पूछतांछ की जा रही है। इस तरह के जघन्य कांड से समाज लडकी के द्वारा किए गए कृत्य की निंदा की जा रही है। लोगों का कहना है कि लगातार ऐसी बढ रही घटनाओं से रिश्ते शर्मशार हो रहे हैं।

## पुलिस की पिटाई से युवक की मौत

### दारोगा और साथी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा




देवरिया जिले के बरहज क्षेत्र स्थित सतराव चौकी में तैनात एक दारोगा तथा उसके साथी पुलिसकर्मियों की कथित पिटाई से एक युवक की मौत हो गई। इस मामले में दारोगा तथा साथी पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मंगलवार रात को बताया कि सतराव पुलिस चौकी पर तैनात दारोगा वीरेंद्र कुशवाहा और उसके कुछ साथी पुलिसकर्मियों द्वारा सतराव गांव निवासी दद्दन यादव (32) की सोमवार को कथित रूप से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि परिजनों का आरोप है कि पिटाई से दद्दन यादव की हालत नाजुक हो गई।शर्मा ने कहा कि गंभीर रूप से घायल हालत में उसे स्थानीय स्वास्थ केंद्र ले जाया गया जहां से नाजुक हालत को देखते हुए उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया भेज दिया और मंगलवार रात को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।स्थानीय ग्रामीणों ने दावा किया कि किसी पूर्व विवाद को लेकर कुशवाहा ने यादव की पिटाई की थी।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक के परिजन की तहरीर पर दारोगा वीरेंद्र कुशवाहा और उसके अज्ञात साथी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मंगलवार देर रात हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।उन्होंने बताया कि फरार आरोपी दारोगा की तलाश की जा रही है। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए मृतक के परिजन को कम से कम पांच करोड़ रुपए की सहायता दिए जाने की मांग की है।उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, भाजपा के राज में पुलिस प्रशासन के अंदर कुछ भ्रष्ट लोगों को ऐसा लगने लगा है कि वो कुछ भी अवैधानिक करेंगे तो उनके भाजपाई आका उनको बचा लेंगे। चुनाव में जनता इस ग़लतफ़हमी को दूर कर रही है।सरेआम अत्याचार, लोगों से जानलेवा मारपीट, हिरासत में मौत, झूठे एन्काउंटर, बढ़ती वसूली जैसे मुद्दों ने भाजपा के काल में पुलिस को बेलगाम बना दिया है।उन्होंने कहा, देवरिया की दोषी पुलिस के ख़िलाफ़ हत्या का मामला दर्ज हो और मृतक के परिवार को कम-से-कम पांच करोड़ का मुआवज़ा दिया जाए।

# गरीब की दुकान जलकर हुई राख

मामला कन्नौज जिले के थाना इंदरगढ़ के गांव जगतापुर का
पुलिस बोली, बिजली तार की चिंगारी से हुई घटना, फिलहाल जांच जारी।

आग लगने के बाद खड़ा निराश परिवार



बीपीएस न्यूज

कन्नौज।बिजली का तार टूटकर गिरने से एक गरीब परिवार की आमदनी का श्रोत बनी अस्थाई दुकान आग के बवंडर में राख का ढेर बन गई।दुकान पर रखी हजारों रुपए की नकदी और समान भी नष्ट हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कि कन्नौज जिले के थाना इंदरगढ़ के गांव जगतापुर निवासी रामप्रसाद की मृत्यु के बाद परिवार पर जीविका चलाने का संकट पैदा हो गया। किसी प्रकार परिवार का पेट पालने और अपनी जीविका चलाने को रामप्रसाद की बेटी काजल उर्फ मोनिका ने अपनी मां के सहयोग से गांव के निकट बहोसी रोड पर एक गुमटी रखकर उसमें गृहस्थी का सामान जुटाया और उसको आस पास के लोगों को बेंच कर अपने परिवार का भरण पोषण शुरू किया था।बीती रात साढ़े 12 बजे के करीब अचानक गांव के निकट रखी गुमटी आग के बवंडर में जलती हुई नजर आने लगी तो आस पास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।मोनिका और उसके परिवार को भी जब दुकान में आग लगने की सूचना मिली तो परिवार के लोग भी घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े।

गृहस्थी को उजड़ते हुये देख परिवार के लोग व्याकुल हो उठे, और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया।आग का बवंडर इतना तेज था, कि कड़ी मशक्कत के बाद आग पर तो काबू पा लिया गया लेकिन दुकान में रखा सामान और गृहस्थी की बिक्री का सामान राख का ढेर बन गया।

घटना की सूचना पर मौके पर स्थानीय पुलिस भी पहुंची। मामले की जांच शुरू हुई तो पता चला कि दुकान के ऊपर से गुजरी बिजली लाइन का तार स्पार्किंग के साथ टूटकर गिर गया, जिससे निकली चिंगारी ने दुकान को अपनी चपेट में ले लिया।पीड़ित परिवार ने बताया कि उनकी आमदनी का श्रोत छोटी सी दुकान ही थी, जो अब बर्बाद हो गई।काजल ने दुकान में रखे सामान की कीमत करीब 35 हजार रुपए और नकदी 15 हजार रुपए होने की बात भी बताई है।पीड़ित परिवार के सामने दुकान जल जाने के बाद आर्थिक संकट के हालत पैदा हो गये हैं।परिवार ने शासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।वहीं पुलिस ने भी घटना की जांच की जाएगी, इस बात का आश्वाशन पीड़ित परिवार को दिया है।

## भगवान गौतम बुद्ध की 2568 वीं जयंती मनाई

बीपीएस न्यूज

कानपुर।महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव केंद्रीय मेला कमेटी द्वारा विश्व को करुणा और मैत्री का सन्देश देने वाले महाकारूणिक तथा गत भगवान गौतम बुद्ध की 2568 वी जयंती के पावन शुभ अवसर पर वाल्मीक उपवन मोतिझील कानपुर मे बुद्ध वंदना,विचार गोष्ठी व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सम्मपन हुआ इस अवसर पर उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कमेटी के संरक्षक प्रकाश हज़ारिया ने कहा उत्तर प्रदेश की धरा को गौतम बुद्ध जैसे महान मानवतावादी एवं युग पुरुष चरण रज से करतार्थ होने का गौरव प्राप्त रहा है दया और करुणा के अवतार के रूप मे कौशबी,सकीसा एवं कुशीनगर आदि जगहों को महामाडित होने का गौरव प्राप्त हुआ,उन्होंने विश्व को करुणा और मैत्री का अनुकरणीय देकर जीवन मे शांति और अमन चैन वातावरण कायम किया जा सकता है।मुन्ना हज़ारिया ने त्रिविधि पावनी वैसाखी पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुऐ कि आज का दिन बहुत ही महत्व पूर्ण है आज ही के दिन 652 ईशा पूर्व करुणा के सागर तथागत भगवान बुद्ध का जन्म पूज्य पिता शुदो धन जी एवं पुजय्नीय माता जी महामाया के घर लूम्बनी मे हुआ आज का दिन बहुत ही मत्वपूर्ण है आज के दिन जन्म,और ज्ञान की प्राप्ति और आज के ही दिन पर निर्माण हुआ इस लिए इस दिन को त्रिविध कहा जाता है कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से प्रकाश हज़ारिया, राम स्वरुप,मुन्ना हज़ारिया,सुरेश भारतीय,मुन्ना पहलवान,बबलू खोटे,अरुण समुंद्रे,रामजीवन सागर,ब्रजेन्द्र माकोरिया,राकेश भारतीय,प्रेमा देवी,राधेश्याम भारतीय,विमला देवी बबलू गौतम,अशोक भारतीय आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## आटा चक्की चलाने वाला 20 साल में कैसे बन गया धनकुबेर, हर जगह लगी थी नोटों की गड्डियां




आगरा।महज 20 साल पहले तक आटा चक्की चलाने वाला आगरा का रामनाथ डंग आज का पर्ची किंग है. ये वो ही रामनाथ डंग है, जिसके यहां से आयकर छापे में जब नोटों की गड्डियां निकलनी शुरू हुई तो एक के बाद एक नोटों का अंबार लग गया. पहले ही दिन बेड से, जूतों के डिब्बों और बाथरूम से नोटों की गड्डियां इतनी बड़ी संख्या में बरामद हुई कि उनकी गिनती करीब 80 करोड़ तक जा पहुंची.रामनाथ डंग ने आटा चक्की के बाद हींग की मंडी में हरमिलाप ट्रेडर्स के नाम से फुटवियर मैटेरियल सप्लाई का काम शुरू किया था. हरमिलाप ट्रेडर्स दिखाने के लिए शू मैटेरियल ट्रेडिंग का कारोबार करता है, मगर उसका असल काम कुछ और ही है. रामनाथ डंग का असली काम पर्ची कारोबार का है. पर्ची कारोबार उसे कहते है, जिसमें कोई दुकानदार जूता कारखानेदार को माल की एवज में पेमेंट ना देकर एक पर्ची देता है, जिस पर लिखा होता है कि आगामी तीन महीने बाद पेमेंट मिल जाएगा.

**देखते ही देखते काली कमाई से बन गया करोड़पति**

इसी पर्ची को लेकर कारखानेदार रामनाथ डंग के पास आकर पेमेंट ले जाता था. इस पर्ची के आधार पर रामनाथ डंग तीन महीने बाद ब्याज सहित अपनी रकम उस दुकानदार से ले लेता था. बताया जा रहा है कि रामनाथ डंग एक से पांच फीसदी तक ब्याज वसूल लिया करता है. आयकर विभाग को छापेमारी के दौरान कई करोड़ की ऐसी अवैध पर्चियां बरामद हुई हैं. इन्हीं पर्चियों के बूते पर रामनाथ डंग काली कमाई का कुबेर बन बैठा. रामनाथ डंग अपने दो बेटों राजीव और संजीव डंग के साथ अपने इस कारोबार को चला रहा है.

**ये जूता कारोबारी भी धन बटोरने में नहीं रहे पीछे**

वहीं बीके शूज का मालिक अशोक मिड्डा भी चंद सालों में करोड़ों की संपत्ति का मालिक बन बैठा. एमजी रोड के धाकरान चौराहा पर बना बीके शूज का शोरूम छोटे छोटे कारखानेदारों से जूते बनवा कर खरीदता है. उसके बाद देश भर के कई राज्यों में उसकी सप्लाई की जाती थी. बीके शूज का मालिक अशोक मिड्डा भी अपने कारखानेदारों को पर्चियां देता था. मंशु फुटवियर का मालिक अशोक मिड्डा का ही भाई है. ये भी शू कारोबारी हैं. इन दोनों के यहां से भी करोड़ों की अघोषित आय सरेंडर होने की बात कही जा रही है.

**आयकर विभाग की छापेमारी में हुआ बड़ा खुलासा**

बताते चलें कि आयकर विभाग ने गुप्त सूचना मिलने पर आगरा के जूता कारोबारियों के ठिकानों पर 3 दिन पहले बड़ी रेड की है. इस छापेमारी में विभाग को करीब 80 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई. यह नकदी इतनी ज्यादा थी कि उसे गिनने के लिए कई मशीनें मंगवानी पड़ी. छापेमारी से बचने के लिए भ्रष्ट कारोबारियों ने बाथरूम, अलमारी, गोदाम समेत तमाम जगह नोटों के ढेर छुपा रखे थे.

## चोरी करने वाले अभियुक्तगणों को नौबस्ता पुलिस ने किया गिरफ्तार



बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस आयुक्त महोदय कानपुर नगर संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून / व्यवस्था कानपुर नगर एवं पुलिस उपायुक्त दक्षिण महोदय के निर्देशन में अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान थाना नौबस्ता पुलिस के द्वारा मु0अ0स0 226/2024 धारा 379 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्तगणों की तलाश की जी रही थी कि प्रभारी सर्विलास उ0नि0 अजय गंगवार दक्षिण जोन के द्वारा सूचना दी कि आपके मु0अ0स0 226/2024 धारा 379 भा0द0वि0 से सम्बन्धित सन्देही मोबाइल नम्बर जो आप द्वारा दिये थे उनको मेरे द्वारा सर्विलास के माध्यम से लगातार देखा जा रहा था उक्त मोबाइल नम्बर का लोकेशन अभी कानपुर मे रामादेवी की तरफ आ रही इस सूचना पर उ0नि0 मय फोर्स के अभियुक्तगण सुखवीर उर्फ छोटे पुत्र दिनेशबाबू निवासी नसीरपुर थाना नसीरपुर फिरोजाबाद हाल पता सनिगँवा मे किराये के मकान पर थाना चकेरी कानपुर नगर उम्र करीब 35 बर्ष सुशील यादव पुत्र पूरन सिह उम्र करीब 53 बर्ष निवासी यादव कालौनी परतापुर चौराहा थाना कोतावाली शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद व 01 नफर अभियुक्ता भावना पत्नी सुखवीर उम्र करीब 30 वर्ष निवासी हाल पता सनिगँवा में किराये के मकान पर थाना चकेरी कानपुर इलाहबाद जा रहे मार्ग पर पुल के नीचे रामादेवी थाना क्षेत्र चकेरी से हिरासत में लिया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 226/2024 धारा 379/411/414 भादवि0 पंजीकृत है।अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता सुखवीर उर्फ छोटे पुत्र दिनेशबाबू निवासी नसीरपुर थाना नसीरपुर फिरोजाबाद हाल पता सनिगँवा मे किराये के मकान पर थाना चकेरी कानपुर नगर उम्र करीब 35 वर्ष सुशील यादव पुत्र पूरन सिह उम्र करीब 53 बर्ष निवासी यादव कालौनी परतापुर चौराहा थाना कोतावाली शिकोहाचाद जिला फिरोजाबाद भावना पत्नी सुखवीर उम्र करीब 30 वर्ष निवासी हाल पता सनिगँवा में किराये के मकान पर थाना चकेरी कानपुर नगर।


## मूसानगर नगर पंचायत में खराब वाटर कूलर

### चुनावी ड्यूटी का बहाना कर अफसर कर रहे अनदेखी

कानपुर। मूसानगर पंचायत पंचायत में लगे वाटर कूलर खराब हैं। तेज धूप और भीषण गर्मी से लोगों के गले सूखने शुरू हो गए हैं। लोगों को गला तर करने के लिए कस्बा में भटकना पड़ रहा है, क्यो की मूसानगर पंचायत गौसगंज में और सब्जी मंडी में लगे दोनो जगह लगायें गए  वाटर कूलर खराब पड़े हैं। ऐसे में लोगों को दुकानों से पेयजल खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है। लगातार बढ़ती गर्मी के बावजूद नगर पंचायत की ओर से खराब पड़े व वाटर कूलर को सही नहीं कराया जा रहा है। स्वराज इंडिया के जिला संवाददाता बुधवार को नगर पंचायत पहुंचे थे। उस वक्त वही के लोगो ने अपनी समस्या बताई थी। ऐसे में कस्बा में आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौसगंज में लगा वाटर कूलर खराब है। जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके और लोग अपनी प्यास बुझा सकें। लेकिन कस्बा में लगा वाटर कूलर खराब पड़े हैं। और गंदगी पसरी हुई है ऐसे में लोग कस्बा में दुकानों से पानी की बोतल व अन्य पेय पदार्थों खरीदकर प्यास बुझा रहे हैं। ऐसे में लोगों की जेब पर असर पड़ रहा है। खराब पड़े वाटर कूलरों  कोई ध्यान नही दे रहा है। सबसे ज्यादा भीड़ भाड़ और खराब वाटर कूलर होने की वजह से लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। इस बाबत पर ईओ संजय पटेल ने बताया है कि जानकारी नहीं है। आपके द्वारा जानकारी मिली है जल्द ही खराब पड़े वाटर कूलर सही कराया जाएगा।

## कर्मा उत्सव-2024 में दिखी

# भारतीय संस्कृति की झलक



### ओम जन सेवा संस्थान के तत्वावधान में हरिहर नाथ,शास्त्री भवन,खलासी लाइन में हुआ आयोजन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। ओम जन सेवा संस्थान के तत्वावधान में हरिहर नाथ,शास्त्री भवन,खलासी लाइन में भारतीय संस्कृति,विरासत और परम्परा से पूर्ण कर्मा उत्सव-2024 का भव्य समारोह आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि के रूप में समीर कौशिक ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन करके किया। वरिष्ठ समाजसेवी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल ने अपने सम्बोधन मे कहा कि ओम जन सेवा संस्थान की टीम विगत छः वर्ष से लगातार समाज के हित के लिए कार्य कर रही है। आज भारतीय सांस्कृतिक से ओत-प्रोत कार्यक्रम को देख कर बच्चो मे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। विशिष्ट अतिथि समीर कौशिक ने अपने सम्बोधन मे कहा कि शिव देवी अगहरि सीमा ने बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है,ऐसे संस्कारित कार्यक्रम को देखकर बच्चो को सीखने का मौका मिलता है। संचालन एंकर प्रतीक त्रिवेदी ने किया। आस्था पाण्डेय का राम कथा पर आधारित नृत्य आकर्षण का केंद्र बिन्दु रहा। बच्चो के कार्यक्रम को भी सराहा गया। आयोजन शिव देवी अग्रहरि (सीमा) ने किया। उन्होने आये अतिथियो को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष शिव देवी अग्रहरि (सीमा) ने अपने सम्बोधन मे कहा कि उनकी संस्था लगातार 6 साल से समाज के हित के लिए कार्य करती आ रही है,गरीब,असहाय और जरूरतमंद की मदद करने से मन को शांति मिलती है व अपार खुशी व आनन्द की अनुभूति होती है,हमारी यह सोच है कि इस संसार मे अपने व अपने परिवार के लिए हर व्यक्ति जीवन जीता है,जो जीवन दूसरो को खुश देखकर मिलता है।प्रमुख रूप से सेठ मुरारी लाल अग्रवाल, शिवदेवी अग्रहरि (सीमा),अरविंद सिंह,ईला बाजपेई,शैलेंद्र गुप्ता,निर्मल सिंह चौहान,प्रतीक त्रिवेदी,आदित्य राजा अग्रहरि,अग्रहरि पूजा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## झकरकटी बस अड्डे से संचालित स्मगिलंग का कारोबार ?

### उड़ीसा सहित अन्य राज्यों से कानपुर तक सरकारी बसों से मादक पदार्थों की तस्करी के इनपुट ‹‹ बस अड्डे पर पूरा रैकेट सक्रिय, स्थानीय पुलिस की भी मिलीभगत ‹‹ कानपुर पुलिस प्रशासन कब आएगा होश में

बीपीएस न्यूज

कानपुर।आज़ादी के बाद से उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर के अंदर मीलों और कारखानों का युग अपने चरम पर रहा है। वक्त ने करवट बदली तो आज मीलें बंद हैं और औद्योगिक इलाके शुरू हो चुके हैं। जिसमें से पनकी, रानियां,दादा नगर तथा रूमा आदि क्षेत्र सबसे ज्यादा चर्चा में बने रहते हैं । समाज की युवा पीढ़ी इन क्षेत्रों में कार्यरत है वह कहीं ना कहीं किसी न किसी नशे की चपेट में आ रही है । चरस और गांजा जैसे मादक पदार्थ आसानी से युवाओं को मिल रहे हैं ।इनपुट है कि कानपुर के अंदर भारी मात्रा में गांजा और चरस जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी जैसी खबरें अक्सर चर्चा का विषय बनी रहती हैं लेकिन उड़ीसा से कानपुर तक का सफर यह गंजा और चरस जैसे नशीले पदार्थ तय कैसे करते हैं आज उसका विश्लेषण समझते हैं।

हाल ही में जो सूत्रों के हवाले से जानकारी निकलकर आ रही है वह यह है कि कानपुर का झकरकटी बस स्टॉप गांजा और चरस की तस्करी का मुख्य केंद्र बन चुका है। प्रशासन की ढिलाई होने के साथ-साथ कुछ लोकल ट्रांसपोर्टरों के समर्थन से तस्कर बड़ी आसानी से रोडवेज बसों में भारी मात्रा में जो अवैध भाड़ा अन्य राज्यों और शहरों से कानपुर आता है । उसमें इन नशीले पदार्थों का आवागमन भी बहुत आसानी से कर रहे हैं लेकिन प्रशासन यहां पर कोई कठोर कार्यवाही ना करते हुए चुप्पी साधे बैठा हुआ है। कानपुर का यह इलाका बहुत ही ज्यादा भीड़भाड़ वाला है और साथ ही चारों ओर से मलिन बस्तियों से ढका हुआ है। मलिन बस्तियां इन नशीले पदार्थों की फुटकर बिक्री के लिए मानो दुधारू गाय साबित होती हैं। यूं तो कानपुर में थाना किदवई नगर के अंतर्गत पुलिस चौकी साकेत नगर क्षेत्र में आने वाला कंजड़पुरवा इलाका कानपुर में गांजा बिक्री का सबसे बड़ा हब माना जाता है ।

## करौली शंकर महादेव धाम में पूर्णिमा महोत्सव पर देश-विदेश से आए भक्तों ने प्राप्त की गुरु दीक्षा

### गुरुदीक्षा कार्यक्रम में हजारों भक्तों ने प्राप्त की गुरु दीक्षा

बीपीएस न्यूज

कानपुर, लव कुश आश्रम करौली ग्राम के करौली शंकर महादेव धाम में प्रत्येक माह की भांति बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विशाल पूर्णिमा महोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ।हजारों भक्तों ने देश- विदेश से आकर परम पूज्य गुरुदेव करौली शंकर महादेव से गुरु दीक्षा ली। इस अवसर पर पंचमहाभूत शुद्ध हवन में हजारों भक्तों ने करौली शंकर महादेव गुरु जी के सानिध्य में सामूहिक हवन में भाग लिया। रात्रि को तंत्र-मंत्र सिद्धि कार्यक्रम में भक्तों ने भाग लिया। पूज्य गुरुदेव ने उन भक्तों को जो असाध्य पीड़ा से परेशान है उन्हें गुरुदीक्षा देकर और उनका डीएनए गुरु जी के डीएनए से जोड़ने का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। जिसमें असाध्याय रोग से ग्रस्त भक्तगण व सामाजिक व पारिवारिक या व्यापारिक समस्या से ग्रस्त भक्तगण को तत्काल लाभ मिलता है। जिसका कारण है कि उनके डीएनए में गुरु जी के डीएनए से जब जुड़ जाता है तो उनको वह शक्ति मिल जाती है।वह असाध्याय रोग व तमाम समस्याओं से संघर्ष करने की ताकत भक्तगण के पास आ जाती है आज इस विशाल कार्यक्रम के तहत शंकर महादेव की महाआरती व मां कामाख्या की महाआरती में हजारों भक्तगणों ने शामिल होकर अपनी मुराद को पूर्ण किया। बताते चलें कि करौली सरकार के उपरोक्त पूर्वज मुक्तिधाम में जो भी भक्त आता है वह खाली हाथ नहीं जाता क्योंकि ऐसा यहां के लोगों में कहा जाता है आसपास



के लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मालूम हुआ कि आज करौली शंकर महादेव गुरुदेव के जो यह कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं उसे दूर-दूर के लोग अपने परिवार में जाकर संपन्न तरीके से जीवन यापन कर रहे हैं यह एक अलौकिक चमत्कार ही कहा जाएगा परम पूज्य गुरुदेव करौली शंकर महाराज ने एक नारा दिया है रोग मुक्त भारत शोक मुक्त भारत जिसका असर सीधे आज वैदिक सनातन रीति रिवाज में साकार साबित हो रहा है। कानपुर बुंदेलखंड का अध्यक्ष हवन के दौरान शंकर सेवा के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा ने करौली शंकर महादेव गुरु जी के समक्ष आशीष सचान को शंकर सेवा का कानपुर बुंदेलखंड का पदभार सौंपते हुए गुरुजी से परम आशीर्वाद दिलाया बताते चलें कि आशीष सचान कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट व युवा व्यापार मंडल प्रदेश के प्रभारी हैं जिन्होंने गुरु जी के समक्ष शंकर सेवा को जन-जन तक पहुंचने का संकल्प लिया और कहा कि गुरुदेव के निर्देश पर शंकर सेना के पद पर रहकर प्रदेश अध्यक्ष के हर आदेश का वह सामाजिक हितों के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहेंगे। इस दौरान काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## फास्ट फूड से करें परहेज वरना थायराइड जैसी बीमारी से होंगे ग्रस्त

### ऊंचा सुनना सुस्ती होना वजन बढ़ना थायराइड की निशानियां




बीपीएस न्यूज

कानपुर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा द्वारा विश्व थायराइड दिवस के अवसर पर जनता के बीच थायराइड विकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए और आईएमए कानपुर शाखा के डॉक्टरों को शिक्षित करने के लिए सामान्य थायराइड विकारों पर आयोजित सीएमई प्रोग्राम के संबंध में दोपहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कॉन्फ्रेंस हॉल की गई इस प्रेसवार्ता को आईएमए कानपुर की अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी, वक्ता डॉ. ए.के. गुप्ता, प्रोफेसर एवं प्रमुख डिपा0 ऑफ मेडिसिन (सेवानिवृत्त), एस.एन. मेडिकल कॉलेज, आगरा, डॉ. ए. के. त्रिवेदी, चेयरपर्सन वैज्ञानिक सब कमेटी, डॉ. अखिलेश शर्मा, उपाध्यक्ष, डॉ. कुणाल सहाय, सचिव, डॉ. मनीष निगम, वैज्ञानिक सचिव, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, वित्त सचिव और डॉ. गौरव मिश्रा, संयुक्त वैज्ञानिक सचिव आईएमए कानपुर ने सम्बोधित किया ।वक्ता डॉ ए के गुप्ता ने बताया कि थॉयराइड से निकले वाले हार्मोन को थाइरॉक्सिन कहते हैं। इस हार्मोन के कम निकलने से हाइपोथॉइरोडिज़्म हो जाता है। आम भाषा में इसको थॉयराइड हो गया ह इसी हाइपोथाइरोडिज़्म से इसका तात्पर्य होता है।ये 50 वर्ष की आयु की उम्र तक आते आते 10 प्रतिशत महिलाओं को और 65 वर्ष की आयु आते-आते 10 प्रतिशत पुरुषों को हो जाता है।ज्यादातर महिलाओं में एक से चार किलो थॉयराइड की टी 4, टी एस.एच. (Ty, TSH) की जाँच दिन में किसी भी समय दी जा सकती है। हाइपोथाइरोडिज़्म को सबसे प्रमुख कारण हाशीमोटो होता है, जिसमें दवा जीवनभर चलती है। लेकिन कुछ बीमारियों में जैसे प्रसव (प्रेग्नेन्सी) के बाद थॉयराइड होने पर काफी मरीजों में एक साल बाद दवा बन्द हो जाती है। थॉयराइड में कैंसर भी होता है जो ठीक तरह से इलाज (ऑपरेशन) के बाद और फिर रेडियोएक्टिव आयोडिन से अधिकांश मरीजों में पूर्ण रूप से ठीक हो जाता है ।इस प्रेसवार्ता को आईएमए कानपुर की अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी, वक्ता डॉ. ए.के. गुप्ता, प्रोफेसर एवं प्रमुख डिपा0 ऑफ मेडिसिन (सेवानिवृत्त), एस.एन. मेडिकल कॉलेज, आगरा, डॉ. ए. के. त्रिवेदी, चेयरपर्सन वैज्ञानिक सब कमेटी, डॉ. अखिलेश शर्मा, उपाध्यक्ष, डॉ. कुणाल सहाय, सचिव, डॉ. मनीष निगम, वैज्ञानिक सचिव, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, वित्त सचिव और डॉ. गौरव मिश्रा, संयुक्त वैज्ञानिक सचिव आईएमए कानपुर ने सम्बोधित किया।

## धनकुट्टी नगर निगम कार्यालय कत्था धर्मशाला में अधिकारियों के समक्ष धरना प्रदर्शन हुआ



कानपुर। नगर निगम की टीम का कलक्टरगंज गल्ला मंडी मे आकर सर्वे करने की सूचना मिलने पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र व अन्य पदाधिकारी पहुँच गए और व्यापारियों ने आधा घंटा घेरकर विरोध व हंगामा किया गया ।हंगामे के दौरान कहा कि पूर्व मे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिलने के उपरांत नगर आयुक्त से हुई वार्ता मे चुनाव के बाद एक बैठक करके कोई भी निर्णय लेने को कहा गया था इसके बावजूद सर्वे का कोई औचित्य नहीं है और न ही कोई सर्वे करने दिया जायेगा ।नगर निगम के अधिकारियो से कहा कि 4 जून के उपरांत नगर आयुक्त के साथ बैठक करके कोई भी कार्य कियाभारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गुरुजिन्दर सिंह महानगर वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने,हरिश्चन्द्र जायसवाल,सचिन त्रिवेदी, मनोज विश्वकर्मा, राजा गुप्ता, विनोद पांडे,रमेश अग्रहरी, सिद्दू जायसवाल,मनोज गुप्ता, विकास गुप्ता,जयहिंद अग्रहरी,सुनील साहू,सुभाष गुप्ता, विजय गुप्ता, राजीव गुप्ता, शुभम गुप्ता, राकेश गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, मनीष भवानी, विकास राठौर, विकास गुप्ता,संतोष अग्रहरी आदि, लोग रहे।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।